## समाचार विज्ञप्ति

---

**मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा डा. भीमराव अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू हेतु विभिन्न विषयों के एसोसिएट प्रोफेसर का विज्ञापन जारी**

इंदौर, 3 मई , मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा डा. भीमराव अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू हेतु विभिन्न विषयों के एसोसिएट प्रोफेसर के पदों का विज्ञापन जारी किया गया है।

15 विषयों के एसोसिएट प्रोफेसर के 32 पदों हेतु यू.जी.सी. द्वारा अभिनिर्धारित अर्हता तथा अनुभव रखने वाले सहायक प्राध्यापक के पद का न्यूनतम 8 वर्षों का अनुभव धारित करने वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। पदों हेतु चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा किन्तु किसी भी विषय हेतु अभ्यर्थियों की संख्या 500 से अधिक होने पर लिखित परीक्षा का भी आयोजन किया जाएगा। उक्त परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 15 मई 2018 से एम. पी. ऑनलाइन के माध्यम से भरे जाएंगे।

सहायक प्राध्यापक के विज्ञापन में विश्वविद्यालय के पदों के संयोजन के बाद सह-प्राध्यापक के उक्त पदों की पूर्ति से विश्वविद्यालय के शैक्षणिक तथा अनुसंधान गतिविधियों का प्रभावी संचालन संभव हो सकेगा।

उक्त विज्ञापन आयोग की वेबसाइट www.mppscdemo.in, www.mppsc.com तथा www.mppsc.nic.in पर अपलोड किया गया है।

---

उप सचिव